*भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक 753 006*

*कृषि सलाहकार सेवा*

*कोई भी कृषि कार्य करने से पहले स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार कोविड -19 दिशानिर्देशों का पालन करें*

*सितंबर 2022 के प्रथम पखवाड़े की रणनीतियाँ*

*शुष्क सीधी बुआई धान*

- *एक ही खेत से अलग किए गए अधिक दिनों वाली पौधों या क्लोन पौधों को 33 पौधे प्रति पूंजा प्रति वर्गमीटर की दर पर खाली स्थान का भरण करें।*
- *देर से रोपाई के लिए अधिक दिनों वाली पौधों का उपयोग करने हेतु किसानों को सलाह दी जाती है कि वे शीघ्र पकने वाली या मध्यम शीघ्र अवधि किस्मों के 25-30 दिनों वाली पौधों तथा लंबी अवधि किस्मों के 45-50 दिन पुराने पौधों का उपयोग करें। कीचड़दार मिट्टी में उथली गहराई पर 15 x15 सेमी की दूरी पर 4-5 रोपाई प्रति पूंजा रोपें।*
- *खरपतवार के नियंत्रण के लिए रोपाई करने के 5-10 दिनों बाद शाकनाशी बेनसल्फ्यूरॉन मिथाइल 0.6 + प्रीटिलाक्लोर 6% जीआर 4 किग्रा / एकड़ दर से 4 किग्रा रेत मिलाकर प्रयोग करें या खरपतवार निकलने के 8-10 दिनों बाद (खरपतवार की 2-3 पत्ती अवस्था) पर बिस्पायरीबैक सोडियम 10 एससी 120 मि.ली./एकड़ दर पर 16 लीटर क्षमता का 8 टैंकों में छिड़काव करें या पेनॉक्सुलम + साइहालोफॉप ब्यूटाइल (विवाया) 900 मिली/एकड़ दर पर या रोपाई के 15-20 दिन बाद फेनोक्साप्रोप-पी-एथिल+ एथोक्सिसल्फ्यूरॉन (राइस स्टार + सनराइज) 240+50 ग्राम/एकड़ दर से छिड़काव करें।*
- *शीघ्र रोपाई की गई धान में, यदि थ्रिप्स की समस्या देखी जाती है, तो किसान नीम के बीज की गिरी आधारित कीटनाशक जैसे अजाडिराक्टीन 0.15% 1 लीटर/एकड़ की दर से या लैम्ब्डा-साइहलोथ्रिन 5% ईसी 100 मिली/एकड़ की दर से या थियामेथोक्सम 25% डब्ल्यूजी 40 ग्राम /एकड़ 200 लीटर पानी की दर से छिड़काव कर सकते हैं ।*
- *तना छेदक आक्रांत वाले क्षेत्रों में, अंडा परजीवी ट्राइकोग्रामा जैपोनिकम 20000 अंडे/एकड़ (1-2 कार्ड/एकड़) साप्ताहिक अंतराल पर तब तक छोड़ें जब तक कि कीटों की संख्या अधिक न दिखाई दे।*
- *तना छेदक, पत्ती फोल्डर और अन्य वयस्कों कीटों को आकर्षित करने और उन्हें मारने/पकड़ने के लिए 1/एकड़ की दर से प्रकाश जाल लगाएं।*
- *धान खेत में तना छेदक और पत्ता मोड़क के संक्रमण की निगरानी के लिए 3 फेरोमोन ट्रैप/एकड़ रखें। जब भी नर कीट/जाल की संख्या 4 या 5 तक पहुँच जाए, तो अजाडिरक्टिन 0.15% ईसी 800 मिली/एकड़ दर पर या क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 4% जीआर 4 किग्रा/एकड़ 1:1 के अनुपात में रेत के साथ मिलाकर या क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5% एससी 60 मिली/एकड़ 200 लीटर पानी दर पर या टेट्रानिलिप्रोल 200 एससी 100-120 मिली/एकड़ 200 लीटर पानी की दर से या फ्लूबेनडियामाइड 20 डब्ल्यूजी 50 ग्राम/एकड़ 200 लीटर पानी में मिलाकर या कार्टैप हाइड्रोक्लोराइड 4जी 10 किग्रा/एकड़ दर से छिड़काव करें।*

- *जब भी दो मुड़ी हुई पत्तियां/पूंजा दिखाई दें तो पत्ता मोड़क को नियंत्रित करने के लिए क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5% एससी 60 मिली/एकड़ दर पर या फ्लूबेंडियामाइड 20 डब्ल्यूजी 50 ग्राम/एकड़ या करटाप 50 डब्ल्यूपी 400 ग्राम/एकड़ दर से टेट्रानिलिप्रोल 200 एससी 100-120 मिली/एकड़ 200 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।*
- *जस्ता की कमी वाले क्षेत्रों में, यदि अंतिम भूमि की तैयारी के दौरान जिंक सल्फेट प्रयोग नहीं किया गया है, तो धान की रोपाई के 30 और 45 दिनों के बाद जस्ता-EDTA 0.5 ग्राम / 1 लीटर दर पर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या, खेत में जस्ता की कमी के लक्षण दिखाई देने पर 15 दिनों के अंतराल पर 0.5% जिंक सल्फेट घोल (एक एकड़ में 400 लीटर पानी में 2 किग्रा जिंक सल्फेट+10 किग्रा चूना) तीन बार छिड़काव करें।*
- *यदि 1-2 दौजी में आच्छद अंगमारी प्रकोप देखा जाता है टेबुकोनाज़ोल 50% + ट्राइफ़्लॉक्सीस्ट्रोबिन 25% डब्ल्यूजी 0.4 ग्राम/एकड़ दर पर छिड़काव करें या प्रोपिकोनाज़ोल 75% 1 मिली प्रति लीटर पानी दर से या हेक्साकोनाज़ोल 50% 2 मिली प्रति लीटर पानी में या वैलिडैमाइसिन 3L 2 मिली/लीटर पर छिड़काव करें। 7-10 दिनों के अंतराल पर छिड़काव दोहराएं। एक एकड़ क्षेत्र के लिए 200 लीटर घोल का प्रयोग करें।*
- *जीवाणुज अंगमारी/जीवाणुज पत्ता अंगमारी होने की स्थिति में, प्लांटोमाइसिन 1 ग्राम/लीटर की दर से कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 0.5-0.75 ग्राम/लीटर सहित 200 लीटर पानी प्रति एकड़ का प्रयोग करें।*
- *यदि पत्ता प्रध्वंस देखा जाता है, बीमारी को नियंत्रित करने के लिए टेबुकोनाजोल 50% + ट्राइफ्लॉक्सीस्ट्रोबिन 25% (नैटिवो 75 डब्ल्यूजी) 80 ग्राम प्रति एकड़ दर पर या एडिफोनफेस 50 ईसी 2 मिली/लीटर की दर से पानी में मिलाकर छिड़काव करें या या ट्राईसाइक्लाज़ोल 75 डब्ल्यूपी 0.6 ग्राम/लीटर की दर से छिड़काव करें या वैकल्पिक रूप से, बेल के पत्तों (25 ग्राम ताजी पत्तियां) का निचोड़ का छिड़काव या तुलसी (25 ग्राम ताजी पत्तियां) या नीम (200 ग्राम ताजी पत्तियां) प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने पर रोग कम करने में मदद कर सकता है।*
- *सीधी बुआई वाले चावल में भूरा धब्बा होने की स्थिति में, प्रोपिकोनाज़ोल 25ईसी 200 मिली/एकड़ दर से या मैनकोज़ेब 75 डब्लयूपी 400 ग्राम/एकड़ दर से या कार्बेन्डाजिम 50 डब्लयूपी 400 ग्राम/एकड़ दर से या कार्बेंडाजिम 64% + मांकोजेब 8% 75 डब्लयूपी 300 ग्राम/एकड़ दर पर का छिड़काव करें। एक एकड़ क्षेत्र के लिए 200 लीटर घोल का प्रयोग करें।*
- *यदि फसल 45 दिन से अधिक पुरानी हो तो सीधी बुवाई वाले धान में बेउषण न करें।*
- *किसानों को सलाह दी जाती है कि वे धान की खेती के सभी पहलुओं के लिए एनआरआरआई द्वारा विकसित राइसएक्सपर्ट मोबाइल ऐप (गूगल प्ले स्टोर में उपलब्ध) को डाउनलोड करें और उसका उपयोग करें।*

*बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ के बाद धान की फसल का प्रबंधन:*

*जहाँ भी संभव हो धान के खेतों से अतिरिक्त पानी निकाल दें।*

*केस I: बाढ़ के बाद सब 1 चावल की किस्मों का प्रबंधन:*

*जहां स्वर्णा सब1, सीआर 1009 सब 1, आईआर-64 सब1, बीनाधान 11 जैसी जलमग्न सहिष्णु किस्मों की खेती की जा सकती है, इनकी पौधे एक या दो सप्ताह के भीतर फिर से अंकुरित हो सकते हैं। नुकसान को कम करने के लिए निम्नलिखित प्रथाओं का पालन किया जा सकता है।*

- *जहां तक संभव हो जलमग्न धान के खेत से अतिरिक्त पानी निकाल दें और खेत में केवल 5 सेमी खड़ा पानी बनाए रखें।*
- *यदि संभव हो तो बाढ़ का पानी घटने के तुरंत बाद साफ पानी का छिड़काव करके धान के पत्तों से कीचड़ को धो लें।*
- *मौजूदा पूंजाओं से अलग दौजी का उपयोग करके या पुराने पौधों का उपयोग करके स्थान भरण करें।*
- *बाढ़ का पानी बंद होने के 5-7 दिन बाद 2% यूरिया का छिड़काव करें। 320 लीटर पानी (16 लीटर क्षमता वाले 20 टैंक) प्रति एकड़ का प्रयोग करें।*
- *यदि एक खेत से दूसरे खेत में पानी का प्रवाह नहीं होता है, तो बाली निकलने की अवस्था में यूरिया 12 किग्रा और एमओपी 10 किग्रा/एकड़ के साथ टॉप ड्रेसिंग करें।*

*केस II: बाढ़ के बाद अन्य चावल की किस्मों का प्रबंधन*

- *यदि जलमग्नता के कुछ दिनों में खड़ी चावल की फसल से बाढ़ का पानी कम हो जाता है और कुछ पूंजाएं नष्ट हो जाती हैं, तो किसानों को सलाह दी जाती है कि वे मौजूदा पूजाओं से अलग दौजी का उपयोग करके स्थान भरण करें।*
- *यदि फसल का नुकसान दर 50% से अधिक है, तो किसानों को सलाह दी जाती है कि उपलब्ध अधिक दिन वाले पौधे को 15 x 15 सेमी की दूरी पर और 4-5 पौध प्रति पूंजा रोपें।*
- *फसल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर कम अवधि के ठंडे सहिष्णु किस्मों जैसे अंजलि, अंकित, अन्नपूर्णा, कलिंग-2, हीरा, वंदना और कल्याणी-2 के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त भूखंडों में कीचड़दार खेत में तटीय क्षेत्रों में 15 सितंबर तक सीधे बोया जा सकता है।*
- *आंतरिक ओडिशा/पश्चिमी ओडिशा में, यदि फसल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो कम समय वाली गैर-चावल फसलें जैसे उरद दाल, चना, लोबिया, तोरिया और कुलथीदाल की खेती करना चाहिए।*
- 

*केस III: कुछ दिनों के लिए अचानक बाढ़ और उसके बाद शुष्क काल, निम्नलिखित प्रथाओं का पालन करें फसल के नुकसान को कम करें।*

- *यूरिया 2% 500 लीटर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें।*
- *यदि सिंचाई का पानी उपलब्ध हो तो मिट्टी को संतृप्त रखने के लिए सिंचाई करें।*
- *टॉप ड्रेस यूरिया12 किग्रा और एमओपी 10 किग्रा/एकड़ की दर से बाली निकलने की अवस्था में प्रयोग करें।*